hThe Speaker paid Homage to Martyrs of Freedom Movement on 84th Anniversary of ?Quit India Movement?h

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, दिनांक 9 अगस्त को ?भारत छोड़ो आंदोलन? की 84वीं वर्षगांठ है। वर्ष 1942 में इसी दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने देशवासियों को ?करो या मरो? का मंत्र दिया था।

?भारत छोड़ो आंदोलन? भारत के लोगों की एकता, अदम्य साहस तथा अन्याय के विरुद्ध सत्य एवं अहिंसा पर आधारित संघर्ष का अमर प्रतीक है। इस आंदोलन ने स्वतंत्रता प्राप्ति की दिशा में निर्णायक जन-जागरण का मार्ग प्रशस्त किया और राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा प्रदान की।

यह सभा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान करने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। साथ ही, हम उनके त्याग, बलिदान और आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए लोकतंत्र, स्वतंत्रता, राष्ट्रीय एकता और संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का पुनः संकल्प लेते हैं।

अब सभा भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान स्वरूप कुछ देर मौन रहेगी।

11.01 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ओम शांति: शांति: शांति:।

———————

-